## न्यूज डायरी



### पूर्वी तुर्की में शक्तिशाली भूकंप से 18 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एलाजिग (तुर्की)। पूर्वी तुर्की में आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों अन्य घायल हो गए हैं। बचाव दल शनिवार तड़के भी ढह गई इमारतों के मलबे में से जीवित बचे लोगों की तलाश में जुटे रहे। भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई। भूकंप के बाद कम से कम 30 लोग लापता हो गए। इस भूकंप का केंद्र पूर्वी एलाजिग प्रांत के सिवराइस शहर में था। एलाजिग में रहने वाले 47 वर्षीय मेलाहाट कैन ने बताया, ''यह काफी डरावना था, फर्नीचर हमारे ऊपर गिरने लगा। हम बाहर की ओर भागे।'' राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा कि भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने ट्विटर पर कहा, ''हम अपने लोगों के साथ हैं।'' डर के चलते अपने घरों से भागे लोग हाड़ कंपा देने वाली ठंड में अपने आप को गरम रखने के लिए सड़कों पर आग जलाकर बैठे हैं।

# कश्मीर पर पाक पीएम इमरान का नया पैंतरा

चाल

## 5 फरवरी को कश्मीरियों के लिए एकजुट होने की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। यूएन सिक्यॉरिटी कॉउंसिल में कश्मीर पर चर्चा कराने में नाकाम रहने के बाद हताश इमरान खान ने नई चाल चली है। नया पैंतरा पाकिस्तानी अवाम को कश्मीर पर बरगलाने का है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा है कि कश्मीर के लोगों के समर्थन में 5 फरवरी को जनता घरों से बाहर निकले। पाकिस्तान में 5 फरवरी कश्मीर डे के तौर पर मनाया जाता है। एक तरफ तो इमरान पाकिस्तान की आर्थिक तरक्की के लिए भारत के साथ संबंध में सुधार की जरूरत बताते हैं तो दूसरी तरफ वह अपने यहां पाले आतंकवादियों के दबाव में भी दिखते हैं।




इमरान खान ने मोदी सरकार को फासिस्ट करार देते हुए ट्वीट किया, मैं चाहता हूं कि पाकिस्तानी घर (वतन) में और विदेशों में 5 फरवरी को 80 लाख कश्मीरियों के समर्थन में एकजुट हों। जिन्हें (कश्मीरियों) 9 लाख भारतीय सैनिकों के द्वारा पिछले छह महीने से मोदी की फासिस्ट सत्ता में दबाया जा रहा है। इससे पहले भी कई बार इमरान खान कश्मीरियों के समर्थन में जुटने का आह्वान अपने देश के नागरिकों से कर चुके हैं।

**भारत से अच्छे रिश्ते की लगाई थी गुहार:** इससे पहले, आर्थिक बदहाली के शिकार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा था कि जब भारत के साथ उनके देश का रिश्ता सामान्य हो जाएगा तब दुनिया को पाक के सही आर्थिक क्षमता का अहसास होगा। वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में पाकिस्तान के पीएम ने यह भी कहा कि शांति और स्थिरता के बिना आर्थिक विकास संभव नहीं है।

**अंतरराष्ट्रीय मंच पर इमरान को नहीं मिला भाव:** कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। कश्मीर मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग नहीं मिलने की बात खुद इमरान खान मान चुके हैं। सितंबर में एक कार्यक्रम में उन्होंने स्वीकार किया था कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कश्मीर पर पाकिस्तान को समर्थन नहीं मिला। हालांकि, इमरान और उनके मंत्री लगातार ट्विटर पर भारत और कश्मीर को लेकर आग उगलते रहते हैं।

With Best Compliments on
Republic Day
from The Management, Principal, Staff & Students of
Carman
Residential & Day School




24 Nehru Road, Dalanwala,
Dehradun-248001
ph: 0135-2657661
www.carmanschool.com,
carman@rediffmail.com

## एफएटीएफ के दायित्वों को पूरा न करना पाकिस्तान के लिए विनाशकारी होगा

वॉशिंगटन। अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा है कि आर्थिक कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के दायित्वों को पूरा न करने का पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम पर विनाशकारी असर होगा। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए कार्यवाहक सहायक विदेश मंत्री एलिस वेल्स ने यह टिप्पणी की। इससे एक दिन पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा था कि देश को एफएटीएफ की ग्रे सूची से बाहर करना चाहिए।
पाक के लिए खतरनाक होगा एफएटीएफ के दायित्वों को पूरा नहीं करना पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा कि पाक ने आतंकवाद के वित्त पोषण पर नजर रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था की आवश्यकताओं पर अहम प्रगति की है। वेल्स ने यहां पत्रकारों से कहा, 'अगर पाकिस्तान एफएटीएफ के दायित्वों को पूरा नहीं करता है और काली सूची में आता है। ऐसा हुआ तो यह पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम और निवेशकों को आकर्षिक करने की उसकी क्षमता के लिए विनाशकारी होगा।'

**इस्लामाबाद की यात्रा से लौटी हैं वेल्स:** इस्लामाबाद समेत क्षेत्र की यात्रा करके हाल ही में लौटीं वेल्स ने कहा, 'हम एफएटीएफ के दायित्वों को पूरा करने की ओर पाकिस्तान की प्रगति को देखकर खुश हैं।' वह उस सवाल का जवाब दे रही थी कि अगर पाकिस्तान एफएटीएफ के नियमनों या नियमों को पूरा नहीं करता है तो क्या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा वित्त पोषण पर असर पड़ सकता है। पाकिस्तान के आर्थिक मामलों के प्रभाग के मंत्री हम्माद अजहर के नेतृत्व वाला पाक प्रतिनिधिमंडल एफएटीएफ की सिफारिशों को लागू करने के लिए इस्लामाबाद द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में आर्थिक कार्रवाई बल को जानकारी देने के लिए पेइचिंग में है।

With Best Compliments on
Republic Day
from The Management, Principal, Staff & Students of
Doon (PG) Paramedical College and Hospital



Govindgarh, Chakrata Road, Dehradun (Uttarakhand)

## जॉनसन के ब्रेक्जिट समझौते पर दस्तखत करने के साथ ही ब्रिटेन में नया अध्याय शुरू

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूरोपीय संघ से अलग होने के समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर कर दिया और इसके साथ ही उन्होंने देश में एक नए अध्याय की शुरुआत कर दी है।
इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ की दशकों पुरानी अपनी सदस्यता को समाप्त कर दिया है। कई वर्षों की देरी और घरेलू कटुता के बाद अपने करीबी पड़ोसियों और व्यापारिक साझेदारों का साथ छोड़ दिया है।
हस्ताक्षर के बाद जॉनसन ने जारी किया बयान जॉनसन ने एक बयान में कहा, 'अलग होने के समझौते पर हस्ताक्षर करना बहुत शानदार क्षण है जिससे आखिरकार 2016 के जनमत संग्रह का नतीजा सिद्ध हुआ और कई वर्षों की बहस तथा बंटवारे का अंत हुआ।' उन्होंने इस अवसर की एक तस्वीर के साथ ट्वीट किया, 'यह दस्तखत हमारे देश के इतिहास में एक नया अध्याय है।' **यूरोपीय संघ प्रमुख ने भी किए हस्ताक्षर:** इससे पहले शुक्रवार सुबह बंद कमरे में हुए समारोह में यूरोपीय संघ प्रमुख उर्सुला वोन देर लियेन और चार्ल्स मिशेल ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। अगले सप्ताह बुधवार को इस समझौते की प्रति सत्यापन के लिए यूरोपीय संसद में भेजी जाएगी।

With Best Compliments on
Republic Day
from The Management, Principal, Staff & Students of
Doon International School
PARI MAHAL 32-Curzon Road,
Dehradun-248001 (U.K)
Phones: 0135-2656088, 2658491
Fax: 0135-2655392
mail: dnints@vsnl.com
Website : www.dooninternational.com
DOON INTERNATIONAL SCHOOL
FACTA NON VERBA
DEHRADUN

Happy Republic Day
NARULA KID'S CORNER
'N' Exclusive Showroom of Kids Toys, Imported Prams Motorized Scooter, Car & other Baby Products
Jyoti Narula
0135-2652817
9837156041
2, Shivam Market, Gandhi Road, Dehradun
Email:jyotinarula06@gmail.com